

दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 9 अंक 36 | लखनऊ, बुधवार, 21 अगस्त , 2019 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00



# 'मोनरोको अल्यूमनाइ एसोसियेशन' के लखनऊ चेप्टर द्वारा वृक्षारोपण व वार्षिक सामान्य बैठक

**राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज**

**लखनऊ।** मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के लखनऊ चैप्टर के अल्यूमनाइ 'दि इंस्टीट्युसन आफ इंजीनियर्स लखनऊ परिसर में भारी संख्या में उपस्थित होकर पौधों का रोपड़ बड़े उत्साह से किया। तत्पश्चात् 'मोनरोको अल्यूमनाइ एसोसियेशन' लखनऊ चैप्टर की वार्षिक सामान्य बैठक आहूत की गयी। अध्यक्ष डॉ0 भरत राज सिंह ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तथा अप्रैल 2018 से अभी तक आयोजित किये गये कार्यक्रमों एवं एसोसिएशन के परिवार के साथ हुए मेल-मिलाप




बैठकों जैसे- दीपावली मिलन, होली मिलन, लखनऊ मैट्रों वर्कशाप, जनरेश्वर पार्क की वीजिट, पौधारोपण आदि कार्यक्रमों का से उल्लेख किया। महासचिव, श्री पीयूष सहाय द्वारा कार्यक्रमों के बारे में सामान्य बैठक में विस्तार से जानकारी दी गयी। कोषाध्यक्ष इं0 वी0सी0राय द्वारा वार्षिक लेखा-जोखा चार्टड एकाउटेन्ट से सत्यापित कराकर प्रस्तुत किया गया जिसपर सभी सदस्यों ने सन्तोष व्यक्त किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं0 मनजीत सिंह अरोड़ा द्वारा सदस्यों को जोड़ने तथा इं0 डी0के0 भण्डारी द्वारा आजीवन सदस्य बनाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों हेतु उनकी सराहना की गयी। बैठक अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाप्त की गयी।